



# नलों से पानी गायब, फूड स्टॉल में फर्जीवाड़ा, निरीक्षण में खुली पोल

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 23 अप्रैल।** रेलवे प्रशासन की व्यवस्थाओं की असल तस्वीर उस समय सामने आ गई, जब उत्तर मध्य रेलवे झांसी के डीआरएम अनिरुद्ध कुमार गुरूवार को मुरैना रेलवे स्टेशन का

**डीआरएम झांसी ने किया मुरैना स्टेशन का निरीक्षण, अव्यवस्थाओं पर चला प्रहार**

निरीक्षण करने पहुंचें। निरीक्षण के दौरान प्लेटफॅार्म, सर्कुलेटिंग एरिया और यात्री सुविधाओं का गहन जायजा लिया गया, जिसमें कई गंभीर खामियां उजागर हुईं।

**पेयजल व्यवस्था फेल, अधिकारियों को लगाई फटकार :** गर्मी के मौसम को देखते हुए डीआरएम अनिरुद्ध कुमार ने प्लेटफॉर्म क्रं. 1 पर पेयजल व्यवस्था को परखा। प्लेटफार्म पर कई नलों से पानी नहीं निकलने पर डीआरएम का पारा चढ़ गया। उन्होंने मौके पर ही स्टेशन मास्टर सहित संबंधित कर्मचारियों को कड़ी फटकार लगाते हुए पेयजल व वाटर कूलर व्यवस्था में तत्काल सुधार लाने के निर्देश दिए।

**चंबल ब्रिज का निरीक्षण, समयबद्ध कार्य पूर्ण करने के निर्देश :** डीआरएम अनिरुद्ध कुमार ने झांसी-हेतमपुर रेलखंड का निरीक्षण किया। इस दौरान ट्रैक, सिग्नल, ओएचईए फाटक और ब्रिज की जांच की गई। निरीक्षण यान परख से चंबल ब्रिज के पास निर्माण कार्यों का अवलोकन कर अधिकारियों को गुणवत्ता व सुरक्षा मानकों के पालन के निर्देश दिए। मुरैना स्टेशन पर अमृत भारत योजना के तहत सर्कुलेटिंग एरिया, पेयजल, शौचालय व अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर सुधार के निर्देश दिए। वहीं स्टेशन परिसर में पार्किंग व्यवस्था भी अस्त.व्यस्त मिलीए जिस पर ठेकेदार को सख्त चेतावनी दी गई।

**फूड स्टॉल पर पुलिस वेरिफिकेशन सर्टिफिकेट में फर्जीवाड़ा :** फूड स्टॉल की जांच में भी अनियमितताएं सामने आईं। डीआरएम ने उत्पादों की एमआरपी जांची और एक रूपये मूल्य के सिक्कों की उपलब्धता सुनिश्चित कराई। दस्तावेजों की जांच में बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया, स्टॉल संचालक ने वर्ष 2024 में समाप्त हो चुकी पुलिस वेरिफिकेशन रिपोर्ट में काटछांट कर 2025 अंकित कर दिया था। इस पर जालसाजी का नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए।

**एस्केलेटर, लिफ्ट का अप्रूवल आते ही भेजा जाएगा प्रस्ताव :** डीआरएम अनिरुद्ध कुमार ने कहा कि यात्रियों की सुविधा के लिए निर्माणाधीन फुट ओवर ब्रिज का काम मई के अंत तक पूर्ण हो जाएगा। एस्केलेटर व लिप्ट सुविधा का अप्रूवल मिलने के बाद प्रस्ताव वरिष्ठ कार्यालयों को भेजा जाएगा।

**लेटफॉर्म क्रं. 4 का होगा उन्नयन, बनेगा शेड, बढ़ेगी सुविधाएं :** पत्रकारों से चर्चा करते हुए डीआरएम अनिरुद्ध कुमार ने कहा कि प्लेटफॉर्म क्रं. 4 वर्तमान में रेल के बराबर है। प्लेटफॉर्म को ऊंचा बनाने एवं शेड सहित अन्य सुविधाओं का विस्तार करने के लिए शीघ्र ही प्रस्ताव भेजा जाएगा।

**निरीक्षण के दौरान इनकी रही मौजूदगी :** निरीक्षण के दौरान डीआरएम अनिरुद्ध कुमार के साथ वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (उत्तर) अजय कुमार मीणा, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अमन वर्मा, वरिष्ठ मंडल दूरसंचार इंजीनियर नरेंद्र सिंह, वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर टीआरडी सतवीर सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



**स्टेशन पर सफाई व्यवस्था की पोल खुली, जताई नाराजगी**

निरीक्षण के दौरान केवल 6 सफाई कर्मचारी ही मौके पर मौजूद मिले, जबकि निर्धारित संख्या 8 होना थी। इस पर डीआरएम ने नाराजगी जताते हुए संबंधित ठेकेदार को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

# कबाड़ गोदाम, खेत की नरवाई व हाईवे पर कचरे के ढेर में आग

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 23 अप्रैल।** शहर और आसपास के इलाके में एक ही दिन में आग की तीन अलग-अलग घटनाएं सामने आई है। हालांकि दमकल विभाग की त्वरित कार्रवाई से तीनों जगहों पर समय रहते आग पर काबू पा लिया गया। जिससे बड़े हादसे होने से टल गए। बड़ी घटना इस्लामपुरा क्षेत्र में हुई, जहां मस्जिद के पास स्थित कबाड़ गोदाम में गुरूवार की सुबह

**तीन अलग-अलग जगहों पर भड़की लपटें, मुस्तैदी से टले हादसे**

अचानक आग भड़क उठी। देखते ही देखते लपटें तेज हो गई, जिससे आसपास अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलने पर पहुंची दमकल टीम को आग बुझाने में एक घंटे से अधिक का समय लगा। दूसरी घटना सिविल लाईन थाना क्षेत्र के सिलायथा गांव में हुई। यहां खेत की नरवाई में अचानक आग लग गई। आग तेजी से फैलने लगी, लेकिन ग्रामीणों की सतर्कता और दमकल की तत्परता से बड़ा नुकसान होने से बचा लिया गया। तीसरी घटना हाईवे स्थित मारुति सुजुकी वर्कशॉप के पास हुई, जहां कचरे के ढेर में देर रात भीषण आग लग गई। ऊंची लपटों से आसपास के लोग दहशत में आ गए। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर नियंत्रण पाया।

## काली गिट्टी का परिवहन कर रहे 3 डंपर पकड़े, ड्राईवर गिरफ्तार

**मुरैना, 23 अप्रैल।** काली गिट्टी का अवैध रूप से परिवहन कर रहे तीन डंपर चिन्नौनी पुलिस ने बुधवार की रात को जब्त कर लिए। ड्राईवरों को गिरफ्तार कर पुलिस ने खान एवं खनिज अधिनियम की धाराओं में



अपराध पंजीबद्ध कर लिए है। जानकारी के अनुसार मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर चिन्नौनी थाना पुलिस ने बृजगढ़ी नहर की पुलिया के पास चैक पॉइंट लगाकर वाहनों की चैकिंग शुरू की। इसी दौरान पुलिस ने तीन डंपरों को रोका, जांच के दौरान डंपरों में काली गिट्टी भरी हुई मिली। डंपरों के ड्राईवर मौके पर खनिज की रॉयल्टी संबंधी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। पुलिस ने तीनों डंपरों को जब्त कर ड्राईवरों को गिरफ्तार कर लिया। कार्यवाही में एसआई ऋषिकेश शर्मा, प्र.आर. रामनरेश, आरक्षक देवेन्द्र, शैलेश, प्रदीप शामिल थे।

# भाजपा नेता कप्तान सिंह ने किया परशुराम चल समारोह का स्वागत



**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 23 अप्रैल।** भगवान परशुराम जन्मोत्सव के अवसर पर सकल ब्राह्मण समाज द्वारा गुरूवार को शहर में भव्य चल समारोह निकाला गया। जिसमें श्रद्धा और उत्साह का अनूठा संगम देखने को मिला।

इस अवसर पर मप्र शासन के कृषि मंत्री ऐदल सिंह कंषाना के सुपुत्र भाजपा नेता कप्तान सिंह कंषाना बंकू ने कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर चल समारोह का जोरदार स्वागत किया। चल समारोह के स्वागत के लिए शहर की एमएस रोड पर बिजलीघर के सामने मंच तैयार किया गया था। समारोह के पहुंचनें पर श्री कंषाना सहित भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार पुष्पवर्षा कर विप्रजनों का अभिनंदन किया।

इस मौके पर सरपंच दिलीप सिंह कंषाना नायकपुरा, बच्चू सिंह खासखेड़ा, लोकेन्द्र पाराशर, इसरार पहलवान, महेश पहलवान, गुल्लू पहलवान, रिंकू सिंह नायकपुरा, राजू सिंह भानपुर, जितेन्द्र डोयला, सत्येन्द्र सिंह नायकपुरा, राकेश सिंह रक्के हर्षाना, भोलू पंडित, भूपेन्द्र सिंह नायकपुरा, सूरज सिकरवार, बालकृष्ण शर्मा सांटा, आकाश रजक, विश्वनाथ पहलवान सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्तागण उपस्थित थे।





# परशुराम जन्मोत्सव पर निकला चल समारोह, उमड़ा जनसैलाब

**हड़बांसी से बड़ोखर तक निकली आस्था की यात्रा, आकर्षक झांकियों और संतजनों की बग्घियों पर हुई पुष्पवर्षा**

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 23 अप्रैल।** भगवान परशुराम जन्मोत्सव के अवसर पर 23 अप्रैल को मुरैना शहर में भव्य और ऐतिहासिक चल समारोह का आयोजन किया गया। जिसने पूरे शहर को भक्तिमय माहौल में सराबोर कर दिया। समारोह में शामिल ब्राह्मण समाज के लोगों का उत्साह, जयघोष और आस्था के सैलाब ने आयोजन को अविस्मरणीय बना दिया।

सकल ब्राह्मण समाज के तत्वावधान में कार्यक्रम की शुरुआत हडबांसी स्थित परशुराम मंदिर से दोपहर 2 बजे वाहन रैली के रूप में हुई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। यह रैली मेला ग्राउंड पहुंचीं, जहां से शाम 4 बजे चल समारोह प्रारंभ हुआ। चल समारोह एमएस रोड, ओव्हर ब्रिज चौराहा, पुल तिराहा जैसे प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए बड़ोखर स्थित परशुराम मंदिर पहुंचा। यहां विधिवत पूजा-अर्चना और महाआरती के साथ आयोजन का समापन हुआ।

**आकर्षक व जीवंत झांकियां रहीं आकर्षण का केन्द्र :** चल समारोह की विशेषता रही इसकी आकर्षक और जीवंत झांकियां, जिनमें भगवान परशुराम के साथ भगवान शिव और राधा-कृष्ण के विभिन्न स्वरूपों का मनमोहक मंचन किया गया। इन झांकियों ने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया और पूरे मार्ग में भक्तिमय वातावरण बना रहा।

**बग्घियों में सवार थे संत, महात्मा, अनेकों जगह पुष्पवर्षा :** परशुराम चल समारोह में विभिन्न संत, महात्मा भी शामिल हुए। जड़ेरूआ सरकार हरीदास महाराज सहित कई अन्य साधु-संत बग्घियों में सवार थे। शहर में विभिन्न जगहों पर श्रद्धालुओं ने संत-महात्माओं को पुष्पहार पहनाए और पुष्पवर्षा कर स्वागत-सत्कार किया।

**शहर में विभिन्न जगहों पर हुआ स्वागत, बांटे पेय पदार्थ :** चल समारोह का नगर में अनेक स्थानों पर सर्व समाज के लोगों ने स्वागत किया। उनके द्वारा समारोह में शामिल विप्रजनों पर पुष्पवर्षा की गई और गर्मी से राहत दिलाने के लिए पानी, शरबत, सॉफ्ट ड्रिंक सहित अन्य शीतल पेय पदार्थों का वितरण किया गया।

## बीआर डंडौतिया कंस्ट्रक्शन ग्रुप ने किया स्वागत, पुष्पवर्षा




बीआर डंडौतिया कंस्ट्रक्शन ग्रुप के चेयरमेन राजेश डंडौतिया, रामअवतार डंडौतिया के नेतृत्व में शहर की एमएस रोड पर हरीराज टॉकीज के सामने चल समारोह का स्वागत किया गया। उनके द्वारा चल समारोह पर पुष्पवर्षा की गई और संतजनों को पुष्पवर्षा पहनाकर आशीर्वाद लिया गया। इस मौके पर पेय पदार्थों का वितरण भी हुआ।

## एक नजर में

### पत्रकार सतेन्द्र सिकरवार के पिताजी का आकस्मिक निधन

**मुरैना, 23 अप्रैल।** वरिष्ठ पत्रकार सतेंद्र सिकरवार के पिता राजेंद्र सिंह



सिकरवार का गुरुवार शाम को निधन हो गया। राजेंद्र सिकरवार 85 वर्ष के थे और कुछ समय से अस्वस्थ्य चल रहे थे। राजेंद्र सिंह सिकरवार शिक्षा विभाग में श्योपुर और मुरैना में पदस्थ रहे। वे सीनियर एकाउंटेंट के तौर पर विभाग में कार्यरत रहे और शहर में अपनी सहज प्रवृति के लिए जाने जाते थे। समाज सेवा के क्षेत्र से भी वे जुड़े रहे। वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनकी अंत्येष्टि शुक्रवार सुबह 10 बजे पैतृक गांव मोधना जवाहर में की जाएगी। उनके निधन पर शहर के गणमान्य नागरिकों, जनप्रतिनिधियों ने गहरा शोक व्यक्त किया है। उनके परिवार में ज्येष्ठ पुत्र देवेंद्र सिंह सिकरवार, सतेंद्र सिंह सिकरवार, भतीजे जितेंद्र सिकरवार, शैलेंद्र सिकरवार, पौत्र गौरव सिकरवार, सौरव सिकरवार, रुद्र सिकरवार, उदय सिकरवार हैं।

### इन्नीखेरा में भागवत कथा का समापन, हुआ विशाल भंडारा

**मुरैना/पोरसा।** तहसील पोरसा की रजौधा पंचायत के ग्राम इन्नीखेरा में चल रही



श्रीमद भागवत कथा का गुरूवार को समापन हो गया। जगन्नाथ सिंह तोमर की बगिया में श्रीमती गिरिजा देवी गज सिंह तोमर द्वारा आयोजित इस धार्मिक आयोजन के अंतिम दिन विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में पहुंचें श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। आयोजन के अंतिम दिन कथाचार्य आचार्य सुनील मिश्रा शास्त्री ने श्रीमद् भागवत कथा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि जीवन को सही दिशा देने वाला आध्यात्मिक मार्गदर्शन है। उन्होंने बताया कि कथा श्रवण से मन की शुद्धि होती है, नकारात्मक विचारों का नाश होता है और व्यक्ति के भीतर भक्ति, दया, करुणा एवं सदाचार जैसे गुणों का विकास होता है। समापन अवसर पर विभिन्न गांवों से आए श्रद्धालुओं ने भंडारे में बढ़-चढ़कर भाग लिया। भंडारे की व्यवस्थाएं सत्यभान सिंह तोमर, चंद्रभान सिंह तोमर, राजेश सिंह तोमर, बृजेश सिंह तोमर, रामकिशोर सिंह तोमर दद्दू सहित समस्त ग्रामवासियों ने मिलकर संभालीं।

### जौरा में 26 अप्रैल को 6 घंटे बंद रहेगी बिजली सप्लाई

**मुरैना/जौरा, 23 अप्रैल।** जौरा शहर एवं आसपास के क्षेत्रों में रविवार 26 अप्रैल को 6 घंटे तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। सहायक यंत्री पीएस यादव एवं कनिष्ठ यंत्री मुकेश कुमार मिश्रा ने बताया कि 132 केवी विद्युत सब स्टेशन जौरा पर रख-रखाव कार्य किया जाएगा। सुबह 9 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक बिजली आपूर्ति पूर्णत: बंद रहेगी। इस दौरान सिटी फीडर, फाटक फीडर, नवोदय फीडर, जेल फीडर, अलापुर फीडर एवं सिकरौदा फीडर सहित सब स्टेशन के अंतर्गत आने वाले सभी फीडरों की बिजली सप्लाई प्रभावित रहेगी।

# ट्रेक्टर-ट्रॉली ने बाइक को टक्कर मारी, 2 मासूम समेत 5 जख्मी

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 23 अप्रैल।** एनएच-552 पर बागचीनी थाना क्षेत्र के अंतर्गत तिखनी पुलिया के पास एक तेज रफ्तार ट्रेक्टर-ट्रॉली ने बाइक को

**एनएच-552 पर बागचीनी क्षेत्र में गुरूवार को हुआ हादसा**

टक्कर मार दी। हादसे में बाइक पर सवार दो मासूम बच्चे, एक महिला समेत 5 लोग जख्मी हो गए। जिनमें से एक बच्चे को गंभीर हालत में ग्वालियर रैफर किया गया है। हादसा गुरूवार की सुबह होना बताया गया है।

जानकारी के अनुसार कुम्हेरी गांव निवासी सूरज प्रजापति 28 पुत्र राकेश प्रजापति गुरूवार की सुबह घर से बाइक पर सवार होकर जौरा जाने को निकला था। बाइक पर उसके साथ भाई धर्मेन्द्र प्रजाति 26 पुत्र राकेश प्रजापति, रूबी 24 पत्नी धर्मेन्द्र प्रजापति, हरसू 07 पुत्र राकेश और अजय 05 पुत्र राकेश प्रजापति भी सवार थे। जब उनकी बाइक एनएच-552 हाईवे पर तिखनी पुलिया के पास से गुजर रही थी। तभी ईंटों से भरे ट्रेक्टर-ट्रॉली ने बाइक को टक्कर



मार दी। जिससे बाइक पर सवार सभी पांच लोग जख्मी हो गए। घायलों को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया। जहां से बालक हरसू प्रजापति को गंभीर हालत की वजह से ग्वालियर रैफर किया गया है। अन्य घायलों का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। खबर लिखे जाने तक पुलिस ने मामला दर्ज नहीं किया था।

**PUBLIC NOTICE**

I, MATADEEN S/o CHANDRABHAN R/o ward no. 10 mata colony, mata basti, ambah dist. Morena 476111, age 76 yrs have changed my name and hereafter be known as MATAPRASAD for all future purposes."vide affidavit "Dated 22/04/2026"Sworn before notary Shri Krishna Bhadoria"Tehsil Ambah.

**आम सूचना**

श्रीमती मुन्नी देवी पत्नी स्व. श्री कल्याण सिंह के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति भूखण्ड, स्थित ग्राम महाराजपुर, तहसील व जिला मुरैना (म.प्र.) में है जो नगर पालिका परिषद मुरैना वार्ड क्र.45 (चंबल वार्ड) में स्थित है जो भूमि सर्वे क्र. 889 ग्राम महाराजपुर का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 875 वर्गफुट है और उक्त सम्पत्ति की चर्तुसीमा निम्न प्रकार हैं:- पूर्व-भूखण्ड मुन्नी साधना परमार, पश्चिम-भूमि विक्रेता, उत्तर-रास्ता 23 फुट चौड़ा एवं दक्षिण-भूमि दीगर है। उक्त सम्पत्ति एवं संलग्न अन्य सम्पत्ति पूर्व में श्री छत्रपाल, श्री श्याम सिंह, श्री जीतेन्द्र सिंह, श्री परिमल पुत्रगण श्री हजारी, रामदेई पुत्री श्री हजारी, श्रीमती गयादेवी पत्नी स्व. श्री हजारी, श्री रवि कुमार, श्री हेमन्त कुमार पुत्रगण श्री रामेश्वर प्रसाद के संयुक्त स्वत्व स्वामित्व की थी। श्री परिमल सिंह द्वारा उक्त सम्पत्ति श्रीमती मुन्नी देवी पत्नी स्व. श्री कल्याण सिंह को ई-रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र. एमपी 25792017ए1438168 दिनांक 29.07.2017 से विक्रय की गई। श्रीमती मुन्नी देवी द्वारा उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार मोतीलाल ओसवाल होम फायनेंस लि. ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय एवं उक्त सर्वे क्रमांक के अन्य सहस्वामियों को उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्व, एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर एवं अन्य प्रकार के हित-निहित होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति मेरे पक्षकार के विरूद्ध प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृप्या सूचित हो।

**प्रेषक**
**नीरज जैन, एडवोकेट**
**कार्या.-भवन क्र.52,**
**कैलाश विहार, फैडरल बैंक के पास**
**सिटी सेन्टर, ग्वालियर (म.प्र.),**
**मो.नं. 98276-72710**

# पब्लिक टॉयलेट की सफाई नियमित हो, करें मॉनीटरिंग

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 23 अप्रैल।** स्वच्छता सर्वेक्षण-2026 को लेकर नगर निगम ने शहर में विशेष सफाई अभियान शुरू कर दिया है। इसी क्रम में सामुदायिक एवं पब्लिक टॉयलेट की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश जारी किए गए हैं।

**स्वच्छता सर्वेक्षण-2026 की तैयारियां तेज, नोडल अधिकारी नियुक्त**

निगम आयुक्त सत्येंद्र धाकरे



ने सामुदायिक शौचालयों की प्रतिदिन मॉनिटरिंग के लिए दीपक गार्गटे को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। उन्हें निर्देश दिए गए हैं कि वे रोजाना शहर के सभी सामुदायिक शौचालयों का निरीक्षण करें और साफ-सफाई व्यवस्था की स्थिति का जायजा लें। ननि आयुक्त ने कहा है कि जहां भी कमी नजर आए, उसे तत्काल दूर किया जाए। संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को चेतावनी दी गई है कि स्वच्छता सर्वेक्षण-2026 की तैयारी में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। गुरुवार सुबह नोडल अधिकारी दीपक गार्गटे ने शहर के विभिन्न सामुदायिक शौचालयों का भ्रमण कर सफाई व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम **विनोद सिंह कुशवाह, पिता आशाराम कुशवाह,** जन्म दिनांक 17-02-1984, निवासी-335/2, वार्ड 2, पूठ रोड, अंबाह, जिला मुरैना (म.प्र.), वर्तमान- ए-11, 805, पलाश परिसर, राऊ, इंदौर (म.प्र.) है। यह कि जन्म के समय माता के निधन के कारण मेरा पालन-पोषण चाचा रामविलास कुशवाह व चाची श्रीमती कलावती कुशवाह ने किया, जिससे शैक्षणिक दस्तावेजों में उनके नाम अंकित हो गए। जबकि वास्तविक पिता आशाराम कुशवाह व माता स्व. श्रीमती रामबेटी कुशवाह हैं। **अतः मुझे विनोद सिंह कुशवाह पुत्र आशाराम कुशवाह एवं स्व. श्रीमती रामबेटी कुशवाह के नाम से जाना जाए।**